कार्यालय प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, दौसा (राज.)

क्रमांक :- GLCD/2023/Adm/235 दिनांक 22.10.2024

सत्र 2024–25 में विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करने बाबत।

राजकीय विधि महाविद्यालय, दौसा में विधि प्रथम वर्ष के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में स्नातक/स्नातकोत्तर के आधार पर प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है। विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर की आधिकारिक वेबसाइट https://dceapp.rajasthan.gov.in/document/1541316342File20_08_2024_02_58_00CAFFORM_202425.pdf से डाउनलोड कर कॉमन एडमिशन फॉर्म निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से दिनांक 23.10.2024 से दिनांक 05.11.2024 तक (प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के मध्य) महाविद्यालय में जमा कराना होगा :–

1. (अ) 10 वीं एवं 12 वीं की अंकतालिका की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित)
   (ब) स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय की अंकतालिकाओं की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित)
   (स) स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध की अंकतालिकाओं की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित)
2. आरक्षित वर्गों हेतु जाति–प्रमाण पत्र (SC/ST/OBC/MBC/EWS/PH) की स्व–प्रमाणित फोटो प्रतिलिपि। SC/ST/OBC/MBC/EWS/PH आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु उपखण्ड अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा, रसीद मान्य नहीं होगी। ओ.बी.सी./एम.बी.सी./ई.डब्ल्यू.एस/अभ्यर्थी हेतु आवेदन जमा कराने की अन्तिम तिथि से 03 वर्ष से पूर्व का जारी जाति प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा। प्रमाण पत्र 01 वर्ष से पुराना होने तथा 03 वर्ष की अवधि तक का अन्य पिछड़ा जाति वर्ग का प्रमाण पत्र होने पर प्रार्थी द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि प्रार्थी इस अवधि में क्रीमीलेयर की श्रेणी में नहीं आया है तथा वर्तमान में भी प्रार्थी नॉन क्रीमीलेयर की श्रेणी में है तथा ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी वर्ग का प्रमाण–पत्र होने पर प्रार्थी द्वारा राज्य सरकार द्वारा जारी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह वर्णित होना चाहिए कि प्राथी के परिवार की आय 8.00 लाख से कम है।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति ।
4. गैप सर्टिफिकेट (शपथ पत्र) यदि अंकतालिकाओं में अन्तराल हो।
5. तीन लिफाफे 5–5 रूपये के डाक टिकट लगें हुये ।
6. टी.सी/सी.सी. एवं समस्त मूल दस्तावेज अस्थाई प्रवेश सूची के जारी के बाद फीस जमा करवाते समय लाना अनिवार्य है।
7. सभी दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ प्रवेश फॉर्म के साथ उपरोक्त क्रम में संलग्न कर प्रस्तुत करें।

Scanned with OKEN Scanner

उक्त प्रवेश बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा जारी अन्तरिम सहमति पत्र BCI-D:2180 2024 (LE/Std. 06-05-2024 19-10-2024 में प्रदत्त निर्देशों के अनुसरण में किये जा रहे है। सभी प्रवेश लीगल एज्युकेशन समिति बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया एवं सम्बद्ध विश्वविद्यालय की अन्तिम अनुमोदन की अनुशंषा के आधार पर प्रभावित एवं अध्यधीन होगें।

निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोट :– विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम प्रतिशत (बी.सी.आई. के नियमानुसार) :–

General	:-	45 %
OBC/MBC	:-	42%
SC/ST	:-	40%

महाविद्यालय में विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

क्र. सं.	विवरण	तिथि
1	आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	23.10.2024
2	कॉमन एडमिशन फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि	05.11.2024
3	प्रथम वरीयता सूची का प्रकाशन तिथि	07.11.2024
4	मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि	08.11.2024 से 11.11.2024 तक
	अंतरिम प्रवेश सूची का प्रकाशन	12.11.2024

नोट :– सत्र 2024–25 में विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश राज्य सरकार, बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर के अनुमोदन के अध्याधीन रहेगा।

अलकाभाटिया

(प्रो. अलका भाटिया)
प्राचार्य
राजकीय विधि महाविद्यालय, दौसा
दिनांक 22.10.24

क्रमांक : GLCD/2023/Adm/235

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ/प्रकाशनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान सम्पादक महोदय, राजस्थान पत्रिका, दौसा
2. श्रीमान सम्पादक महोदय, दैनिक भास्कर, दौसा
3. छात्र सूचना नोटिस बोर्ड
4. रक्षित पत्रावली।

अलकाभाटिया

(प्रो. अलका भाटिया)
प्राचार्य
राजकीय विधि महाविद्यालय, दौसा

Scanned with OKEN Scanner